दिनांक 14.08.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कचरो के निपटान के लिए बनेंगे एसएलआरएम सेंटर

भिलाईनगर/ घरों और व्यवसायिक परिसरों से निकलने वाले गीले कचरों को कम्पोस्ट कर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने नगर निगम भिलाई क्षेत्र में अतिरिक्त 21 एसएलआरएम सेंटर और बनाए जाएंगे। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने शीघ्र प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। निगम क्षेत्र में नए बनने वाले एसएलआरएम सेंटर को शहर के प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्र के नजदीक बनाया जाएगा ताकि जल्द ही कचरे का बेहतर प्रबंधन होने के साथ ही शहर के बाजार को और अधिक स्वच्छ रखा जा सके।

शहरी आबादी की बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप भारी मात्रा में निकलने वाले कचरे को शीघ्र ही कम्पोस्ट करने निगम प्रशासन शहर के प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्रों में नए एसएलआरएम सेंटर स्थापित करने का फैसला लिया है। इसके लिए निगम के 5 जोन के क्षेत्रों में स्थित प्रमुख बाजारों के नजदीक शीघ्र ही स्थल का चयन किया जाना है। निगम आयुक्त श्री रघुवंशी के निर्देश पर शहर के बाजारों में साफ सफाई रखने और बाजार से भारी मात्रा में निकलने वाले सभी प्रकार के कचरे का निपटान एसएलआरएम सेंटर में किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही बाजारों से लगे हुए क्षेत्र में एसएलआरएम सेंटर एवं कम्पोस्ट शेड का निर्माण किया जाना है। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नेहरू नगर में 3 स्थानों पर, रूआंबांधा, शिवाजी नगर खुर्सीपार, बैकंुठधाम, टंकी मड़ौदा और डूंडेरा सहित वर्तमान में कुल 9 एसएलआरएम सेंटर संचालित किया जा रहा है तथा 01 निर्माणाधीन है। जहां निगम के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले कचरों का पृथक्कीकरण का बेहतर तरीके कंपोस्ट एवं रिसाइकिल की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसम्पर्क अधिकारी